## ● सुनो, समझो और बताओ :

# ३. तीन लघुकथाएँ

*–सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'*

**जन्म :** १८९९ **मृत्यु :** १९६१ **रचनाएँ :** 'जूही की कली', 'तुलसीदास', 'सरोजस्मृति', 'कुकुरमुत्ता' आदि कविताएँ । **परिचय :** आप आधुनिक हिंदी कविता के दिग्गज कवियों में से एक हैं । आप 'छायावाद' के आधारस्तंभ माने जाते हैं ।

प्रस्तुत लघुकथाओं में सजगता का महत्व, समय और धन का सदुपयोग तथा हर स्थिति को स्वीकार करें, यह सीख प्राप्त होती है ।



**स्वयं अध्ययन**

'ओरोगामी' की जानकारी प्राप्त करके उससे कोई एक वस्तु बनाओ और विधि लिखो।(जैसे:टोपी,पक्षी,प्राणी ।)


## १. दो घड़े

एक घड़ा मिट्टी का बना था, दूसरा पीतल का । दोनों नदी के किनारे रखे थे । अचानक नदी में बाढ़ आ गई और बहाव में दोनों घड़े बहते चले गए । बहुत समय तक मिट्टी के घड़े ने अपने आप को पीतलवाले घड़े से काफी फासले पर रखना चाहा ।

पीतलवाले घड़े ने कहा, ''तुम डरो नहीं दोस्त, मैं तुम्हें धक्के नहीं लगाऊँगा ।''

मिट्टीवाले घड़े ने जवाब दिया, ''तुम जानबूझकर मुझे धक्के नहीं लगाओगे, सही है; मगर तेज बहाव के कारण हम दोनों जरूर टकराएँगे । अगर ऐसा हुआ तो तुम्हारे लाख बचाने पर भी मैं तुम्हारे धक्कों से नहीं बच सकूँगा और मेरे टुकड़े-टुकड़े हो जाएँगे । इसलिए अच्छा यही है कि हम दोनों अलग-अलग रहें ।''

जिससे तुम्हारा नुकसान हो रहा हो, उससे अलग ही रहना अच्छा है । चाहे वह उस समय के लिए तुम्हारा दोस्त ही क्यों न हो ।



❑ तीनों लघुकथाओं को उचित आरोह-अवरोह के साथ सुनाएँ । विद्यार्थियों के गुट बनाकर एक-एक कहानी पढ़वाएँ । कहानियों को विद्यार्थियों से उनके अपने शब्दों में कहलवाएँ । 'विपरीत परिस्थितियों में सजगता' पर चर्चा करें ।

**जरा सोचो तो ... बताओ**

अगर पेड़-पौधे हमारी तरह चलने-फिरने लगे तो .....

# २. कंजूस और सोना


एक आदमी था, जिसके पास काफी जमींदारी थी मगर दुनिया की किसी भी दूसरी चीज से सोने की उसे अधिक चाह थी इसलिए उसके पास जितनी जमीन थी, वह सारी जमीन उसने बेच डाली और उसे सोने के टुकड़ों में बदला। सोने के इन टुकड़ों को गलाकर उसने बड़ा गोला बनाया और उसे बड़ी हिफाजत से जमीन में गाड़ दिया। उस गोले की उसे जितनी परवाह थी, उतनी न बीवी की थी, न बच्चे की, न खुद अपनी जान की। हर सुबह वह उस गोले को देखने के लिए जाता और यह पता करता था कि किसी ने उसे हाथ तो नहीं लगाया; वह देर तक नजर गड़ाए उसे देखा करता था।

कंजूस की इस आदत पर एक आदमी की निगाह गई। जिस जगह वह सोना गड़ा था, धीरे-धीरे उसने वह जगह ढूँढ़ निकाली। आखिर में एक रात उसने गड़ा हुआ सोना निकाल लिया।

दूसरे रोज सुबह कंजूस अपनी आदत के अनुसार सोना देखने के लिए गया। जब उसे वह गोला दिखाई नहीं पड़ा तब उसका दिल ही बैठ गया।

उसके एक पड़ोसी ने उससे पूछा, ''इतना मन क्यों मारे हुए हो? असल में तुम्हारे पास कोई पूँजी थी ही नहीं फिर कैसे वह तुम्हारे हाथ से चली गई? तुम्हें सिर्फ एक भ्रम था कि तुम्हारे पास पूँजी थी। तुम अब भी यह सोच सकते हो कि वह पूँजी तुम्हारे पास है। सोने के उस पीले गोले की जगह उतना ही बड़ा पत्थर का एक टुकड़ा रख दो और सोचते रहो कि वह गोला अब भी मौजूद है। पत्थर का वह टुकड़ा तुम्हारे लिए सोने का गोला ही होगा, क्योंकि उस सोने से तुमने सोनेवाला काम नहीं लिया। अब तक वह गोला तुम्हारे काम नहीं आया। उससे आँखें सेंकने के सिवाय काम लेने की बात कभी तुमने सोची ही नहीं।''

यदि आदमी धन का सदुपयोग न करे तो उस धन की कोई कीमत नहीं।







# ३. गधा और मेंढक

एक गधा लकड़ी का भारी बोझ लिए जा रहा था। वह एक दलदल में गिर गया। वहाँ मेंढकों के बीच से जाने लगा। रेंकता और चिल्लाता हुआ वह इस तरह साँसें भरने लगा, जैसे दूसरे ही क्षण मर जाएगा।

आखिर एक मेंढक ने कहा, ''दोस्त, जबसे तुम इस दलदल में गिरे हो, तभी से ऐसा ढोंग क्यों रच रहे हो? मैं हैरत में हूँ, जब से हम यहाँ हैं तब से ही तुम इस दलदल में होते तो न जाने क्या करते? हर बात को जहाँ तक हो, सँवारना चाहिए। हमसे भी बुरी हालतवाले दुनिया में हैं। इसे स्वीकार करो।''







## मैंने समझा



---------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**

हिफाजत = सुरक्षा

पूँजी = धन, संपत्ति

हैरत = चकित

**मुहावरे**

दिल बैठना = निराश होना

मन मारना = इच्छा को दबाना

आँखें सेंकना = दर्शन सुख लेना



## अध्ययन कौशल



किसी समाजसेवी महिला के जीवनी का अंश पढ़ो और महत्त्वपूर्ण घटनाएँ मुद्दों में लिखो।

## सदैव ध्यान में रखो



हर एक का अपना अलग-अलग अस्तित्व होता है।



## खोजबीन

कॉमिक्स का जनक कौन है ? अपने पसंदीदा कॉमिक्स के नामों की सूची बनाओ ।



## सुनो तो जरा

कोई प्रेरक प्रसंग सुनो और सुनाओ ।



## बताओ तो सही

तुम अपने भाई, बहन के लिए क्या करते हो ? बताओ ।



## वाचन जगत से

'हैरी पॉटर' की कोई एक कहानी पढ़ो और किसी अंश का मुखर वाचन करो ।



## मेरी कलम से

नैतिक मूल्यों पर आधारित सुवचनों का संकलन करो और कॉपी में लिखो ।

## * एक शब्द में उत्तर लिखो ।

१. मिट्टी का घड़ा किस घड़े से दूर रहना चाहता था ?

२. कंजूस ने सोने के टुकड़ों से क्या बनाया ?

३. कंजूस ने सोने के गोले को कहाँ रखा था ?

४. दलदल में कौन गिर गया था ?



## विचार मंथन



।। उथले जल ना मोती मिले गहरे पानी पैठ ।।



## भाषा की ओर

चित्र देखकर निर्देशानुसार क्रियाओं से वाक्य बनाकर लिखो ।



| सकर्मक क्रिया | अकर्मक क्रिया | प्रेरणार्थक क्रिया | सहायक क्रिया |
|---|---|---|---|
| ------------------ | ------------------ | ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ | ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ | ------------------ | ------------------ |